# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Tribune | 28.7.22 | 2 | 7-8 |



## ONE-MONTH INDUCTION TRAINING COURSE

**Hisar:** A one-month induction training course session was completed at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) on Wednesday. It was organised by the Directorate of Human Resource Management. The Vice-Chancellor of Lala Lajpat Rai University of Veterinary and Animal Sciences (LUVAS), Prof Vinod Kumar Verma, was the chief guest while the VC of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU), Prof BR Kamboj, presided over the programme. The course was attended by 40 recently appointed faculty members from Haryana Agricultural University, Maharana Pratap Horticulture University, Karnal and LUVAS, Hisar.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28.7.22 | 4 | 1-4 |

# खुद को अपडेट रखें और ईमानदारी से काम करें

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का बुधवार को समापन हुआ। लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा व कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। • पीआरओ

इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि उन्हें गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। विश्वविद्यालयों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए।

### मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ : प्रो. काम्बोज

प्रो. बीआर काम्बोज ने अध्यक्षीय संबोधन में विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हें उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी जाब के साथ न्याय करेंगे और मेहनत से जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए कार्यक्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28.7.22 | 2 | 1-2 |

## ज्ञान को अपडेट रखें और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाएं : प्रो. वर्मा



प्रतिभागियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो.बीआर कांबोज, कुलपति डॉ. विनोद वर्मा।

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की ओर से एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह हुआ। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस कोर्स में एचएयू सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। विश्वविद्यालयों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28.7.22 | 4 | 1-5 |

# शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भरः प्रो. विनोद



कुलपति प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

हिसार, 27 जुलाई(ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। विश्वविद्यालयों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए।

## मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है : प्रो. बी.आर. काम्बोज

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हें उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी जॉब के साथ न्याय करेंगे और मेहनत व लगन से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाएंगे। इससे उन्हें व्यक्तिगत पहचान मिलने के साथ इस विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन होगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ। उन्होंने इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कोर्स का निर्माण फैकल्टी की रोजमर्रा की जरूरतों के अनुसार किया गया था। उपरोक्त निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजु नागपाल महता इस कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजु सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया इस कोर्स के संयोजक रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28.7.22 | 12 | 3-7 |

## हकृवि में इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन

# फैकल्टी से ज्ञान अपडेट रखने का आह्वान

- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त 40 फैकल्टी ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते कुलपति।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का 'समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए।

### मानव संसाधन संस्थान की रीढ़ : प्रो. काम्बोज

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हें उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ। निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजु नागपाल महता इस कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजु सहरावत तथा डॉ. जितेन्द्र भाटिया इस कोर्स के संयोजक रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.7.22 | 2 | 7-8 |

## शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता पर निर्भर : प्रो. वर्मा

**हिसार|** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की तरफ से एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लाज पतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ। निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजु नागपाल महता कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजु सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया कोर्स के संयोजक रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.7.22 | 2 | 1 |

## एनसीसी कैडेट्स ने करगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**हिसार|** एचएयू के एनसीसी कैडेट्स ने करगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। विवि के छात्र कल्याण निदेशालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान कॉलेज और कृषि कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। वन हरियाणा एनसीसी सक्वैड के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसके दहिया मुख्यातिथि थे। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को भी इन जांबाज सैनिकों से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की सुरक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने भी कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व कै. कृष्ण सहरावत, एएनओ, कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. उर्वशी नांदल मौजूद रहीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28.7.22 | 4 | 1-2 |

## एच.ए.यू. में एन.सी.सी. कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



*कार्यक्रम में भाग लेते एन.सी.सी. कैडेट्स।*

हिसार, 27 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को विजय दिलाने में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया।

इस अवसर पर 1 (एक) हरियाणा एन.सी.सी. सैकेंड के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस.के. दहिया मुख्यातिथि थे। उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा यह एक ऐतिहासिक दिन है जब 1999 में 'ऑपरेशन विजय' को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत के वीर सपूतों ने कारगिल की ऊंची चोटियों से पाकिस्तानी सेना को खदेड़कर तिरंगा फहराया था। जिन जवानों के बलिदान की बदौलत हमने कारगिल युद्ध जीता था, वे सशस्त्र बलों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा एन.सी.सी. कैडेट्स को भी इन जांबाज सैनिकों से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की सुरक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने भी इन कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व कैप्टन कृष्णा सहरावत, ए.एन.ओ., कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में डॉ. उर्वशी नांदल, सी.टी.ओ., गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28.7.22 | 6 | 1-2 |

## एन.सी.सी. कैडेटों ने कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



कार्यक्रम में भाग लेते एन.सी.सी. कैडेट्स।

हिसार, 27 जुलाई (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरूद्ध भारत को विजय दिलाने में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया।

इस अवसर पर 1 (एक) हरियाणा एन.सी.सी. सक्वैड के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस.के.दहिया मुख्यातिथि थे। उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा यह एक ऐतिहासिक दिन है जब 1990 में ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत के वीर सपूतों ने कारगिल की ऊंची चोटियों से पाकिस्तानी सेना को खदेड़कर तिरंगा फहराया था। जिन जवानों के बलिदान की बदौलत हमने कारगिल युद्ध जीता था, वे सशस्त्र बलों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

### कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

इससे पूर्व कैप्टन कृष्ण सहरावत, एएनओ, कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में डॉ. उर्वशी नांदल, सीटीओ, गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28.7.22 | 12 | 4-6 |

# कैडेट्स ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को विजय दिलाने में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर 1 (एक) हरियाणा एनसीसी स्क्वेड के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसके दहिया मुख्यातिथि थे। उन्होंने कहा



हिसार। कार्यक्रम में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स

कि ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत के वीर सपूतों ने कारगिल की ऊंची चोटियों से पाकिस्तानी सेना को खदेड़कर तिरंगा फहराया था। जिन जवानों के बलिदान की बदौलत हमने कारगिल युद्ध जीता था, वे सशस्त्र बलों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। इससे पूर्व कैप्टन कृष्ण सहरावत, एएनओ, कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम के

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.7.22 | 5 | 1-2 |

## सुगंधित पौधों की खेती करें

हिसार | बागवानी विभाग ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज के सभागार में सुगंधित पौधों की खेती के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. एसके पाहूजा व डॉ. नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि राज्य में औषधीय पौधों की खेती का रकबा बहुत ही कम है, जबकि इसका उपयोग बहुत सारी दवाइयां, सुगंधित कॉस्मेटिक पदार्थ व हर्बल प्रोडक्ट में होता है, इसलिए सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बागवानी विभाग द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28.7.22 | 4 | 5-6 |


# सुगंधित पौधों की खेती करने पर मिलता है अनुदान : डा. शर्मा

सुगंधित पौधों की खेती को लेकर कार्यशाला आयोजित, जींद और फतेहाबाद जिले के किसानों ने भाग लिया

जागरण संवाददाता, हिसार : बागवानी विभाग द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कालेज के सभागार में सुगंधित पौधों की खेती के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा ने शिरकत की। शुभारंभ डा. एसके पाहूजा व डा. नीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

डा. जीतराम शर्मा ने बताया कि राज्य में औषधीय पौधों की खेती का रकबा बहुत ही कम है, इसलिए सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बागवानी विभाग द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। सुगंधित पौधों की खेती करने पर किसानों को अनुदान भी प्रदान किया जाता है। डा. रितिका ने किसानों को बागवानी विभाग द्वारा सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही स्कीमों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में हिसार, जींद व फतेहाबाद जिले के किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. ईश्वर सिंह, डा. विपिन कुमार, डा. पवन कुमार, डा. रूपाक्षी, डा. सचिन, डा. हीरालाल, डा. घनश्याम, डा. अरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28.7.22 | 4 | 4-5 |

# सुगंधित पौधों की खेती को लेकर कार्यशाला आयोजित

हिसार, 27 जुलाई (ब्यूरो): बागवानी विभाग द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज के सभागार में सुगंधित पौधों की खेती हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. एस.के. पाहुजा व डॉ. नीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि राज्य में औषधीय पौधों की खेती का रकबा बहुत ही कम है, जबकि इसका उपयोग बहुत सारी दवाईयां, सुगंधित कॉस्मेटिक पदार्थ व हर्बल प्रोडक्ट में होता है, इसलिए सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बागवानी विभाग द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

सुगंधित पौधों की खेती करने पर किसानों को अनुदान भी प्रदान किया जाता है। डॉ. रितिका ने किसानों को बागवानी विभाग द्वारा सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही स्कीमों की विस्तार से जानकारी दी।

उद्यान विभाग के उप निदेशक डॉ. सुभाष चंद्र ने किसानों को सुगंधित पौधों की खेती में आ रही समस्याओं के बारे में बताया एवं उसके समाधान बारे भी जागरूक किया। वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार आर्य ने पौधों की खेती करने के तौर-तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुगंधित पौधों की खेती में जो फसलें आती है, उनमें तुलसी, लेमन ग्रास व स्टिविया इत्यादि शामिल हैं। कार्यशाला में हिसार, जींद व फतेहाबाद जिले के किसानों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ ईश्वर सिंह, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. पवन कुमार, डॉ. रूपाक्षी, डॉ. सचिन, डॉ. हीरालाल, डॉ. घनश्याम, डॉ. अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.7.22 | 4 | 7-8 |

### एचएयू के वैज्ञानिक ने किसानों को दी सलाह

## बीमारियों से बचाव के लिए जुलाई व अगस्त में पशुओं की देखभाल जरूरी

भास्कर न्यूज़ | हिसार

जुलाई माह के अंत और अगस्त माह में गाय, भैंस से लेकर भेड़ और मुर्गियों की देखभाल जरूरी है। सावधानी से पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सकता है। एचएयू के वैज्ञानिक प्रदेश के किसानों को सलाह दे रहे है कि पशुओं को जुलाई के अंत और अगस्त माह में देखभाल कर बीमारियों से बचाया जा सकता है।

एचएयू के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह के अनुसार, यदि पशु ने चारा का सेवन करना छोड़ दिया है कि तो उसका तापमान लें। यदि उसे बुखार है तो अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें। रोगी पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग रखें व उसके खान-पान की व्यवस्था भी अलग से करें। बरसात में पशु घरों को सूखा रखें और कीचड़ से बचाएं। मक्खी रहित करने के लिए पशु घरों में फिनाइल आदि का घोल छिड़कें। यदि पशुओं को जुएं या चीचड़ लग लग गई हो तो उन पर 0.5 प्रतिशत मैलाथियान या सुमिथियान तथा आवास में चारों तरफ घोल का छिड़काव करें। पशुओं को साफ पानी पिलाएं। उनको कीड़ों से मुक्त करने के लिए कृमिनाशक दवा पशु चिकित्सक की सलाह से नियमित रूप से दें। नवजात बछड़े-बछड़ियों तथा कटड़े-कटड़ियों को शुद्ध वातावरण में रखें। उन्हें बीमारी से बचाने के लिए जन्म के पश्चात आधे से 1 घंटे के अंदर तथा प्रथम 2-3 दिन खीस आवश्य पिलाएं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.7.22 | 12 | 8 |

## राज्य में औषधीय पौधों की खेती का रकबा बहुत कम

हिसार। बागवानी विभाग के तत्वाधान में हकृवि बेसिक साइंस कॉलेज के सभागार में सुगंधित पौधों की खेती के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि हकृवि के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. एसके पाहुजा तथा डॉ. नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि राज्य में औषधीय पौधों की खेती का रकबा बहुत ही कम है, जबकि इसका उपयोग बहुत सारी दवाइयों, सुगंधित कॉस्मेटिक पदार्थ व हर्बल प्रोडक्ट में होता है, इसलिए सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बागवानी विभाग लगातार प्रचार-प्रसार भी कर रहा है। डॉ. रितिका ने किसानों को बागवानी विभाग द्वारा सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28.07.2022 | 5 | 7-8 |

## सुगंधित पौधों की कृषि को लेकर कार्यशाला आयोजित

हिसार, 27 जुलाई (विरेंद्र वर्मा) : बागवानी विभाग द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज के सभागार में सुगंधित पौधों की खेती हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. एसके पाहूजा व डॉ. नीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि राज्य में औषधीय पौधों की खेती का रकबा बहुत ही कम है, जबकि इसका उपयोग बहुत सारी दवाईयां, सुगंधित कॉस्मेटिक पदार्थ व हर्बल प्रोडक्ट में होता है, इसलिए सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बागवानी विभाग द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। सुगंधित पौधों की खेती करने पर किसानों को अनुदान भी प्रदान किया जाता है। डॉ. रितिका ने किसानों को बागवानी विभाग द्वारा सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही स्कीमों की विस्तार से जानकारी दी। उद्यान विभाग के उप निदेशक डॉ. सुभाष चंद्र ने किसानों को सुगंधित पौधों की खेती में आ रही समस्याओं के बारे में बताया एवं उसके समाधान बारे भी जागरूक किया। वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार आर्य ने पौधों की खेती करने के तौर-तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुगंधित पौधों की खेती में जो फसलें आती हैं, उनमें तुलसी, लेमन ग्रास व स्टिविया इत्यादि शामिल हैं। कार्यशाला में हिसार, जींद व फतेहाबाद जिले के किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. पवन कुमार, डॉ. रूपाक्षी, डॉ. सचिन, डॉ. हीरालाल, डॉ. घनश्याम, डॉ. अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28.7.22 | 6 | 6-8 |

## शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता पर निर्भर : प्रो. वर्मा

हिसार, 27 जुलाई (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।



कुलपति प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हे गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान किया।

**मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है : प्रो. बी.आर. काम्बोज**

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हे उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी जॉब के साथ न्याय करेंगे और मेहनत व लगन से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाएंगे। इससे उन्हे व्यक्तिगत पहचान मिलने के साथ इस विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन होगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ। उन्होंने इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कोर्स का निर्माण फैकल्टी की रोजमर्रा की जरूरतों के अनुसार किया गया था। उपरोक्त निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजु नागपाल महता इस कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजु सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया इस कोर्स के संयोजक रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ. छोर | 27.07.2022 | — | — |

# अध्यापन एक कला है, इसमें पारंगत होना जरूरी : कुलपति वर्मा



हिसार/ 27 जुलाई/ रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे, जबकि हकृवि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो. विनोद वर्मा ने प्रतिभागियों को गुणवत्ताशील प्रकाशनों और शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और कर्तव्य निभाने का भी आहवान किया। उन्होंने कहा कि अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। प्रो. बीआर कांबोज ने कहा शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है। इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ, जबकि डॉ. अंजु सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया संयोजक रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हांसी क्रांति | 27.07.2022 | — | — |

# शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भरः प्रो. विनोद कुमार वर्मा

**हांसी क्रांति न्यूज**



**हिसार, :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हे गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आहवान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हे पारंगत होना चाहिए। विश्वविद्यालयों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए। **मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है: प्रो. बी.आर. काम्बोज** प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हे उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी जॉब के साथ न्याय करेंगे और मेहनत व लगन से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाएंगे। इससे उन्हे व्यक्तिगत पहचान मिलने के साथ इस विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन होगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ। उन्होंने इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कोर्स का निर्माण फैकल्टी की रोजमर्रा की जरूरतों के अनुसार किया गया था। उपरोक्त निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजु नागपाल महता इस कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजु सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया इस कोर्स के संयोजक रहे।

## हिसार: कारगिल के जांबाज सैनिक रहेंगे सदैव प्रेरणा स्त्रोत: कर्नल एसके दहिया

27 Jul 2022 17:38:23



एचएयू के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हिसार, 27 जुलाई (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को विजय दिलाने में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रथम हरियाणा एनसीसी स्क्वैड्रन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसके दहिया मुख्य अतिथि थे। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी और कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है, जब 1999 में 'ऑपरेशन विजय' को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत के वीर सपूतों ने कारगिल की ऊंची चोटियों से पाकिस्तानी सेना को खदेड़कर तिरंगा फहराया था। जिन जवानों के बलिदान की बदौलत हमने कारगिल युद्ध जीता था, वे समस्त वर्गों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा एनसीसी कैडेट्स को भी इन जांबाज सैनिकों से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की सुरक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने भी इन कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व कैप्टन कृष्णा सहारायन, एएनओ, कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में डॉ. उर्वशी नांदल, सीटीओ, गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 27.07.2022 | — | — |

## हिसार: शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता व कौशल पर निर्भर : प्रो. विनोद कुमार वर्मा

27 Jul 2022 17:40:25



हिसार, 27 जुलाई (हि.स.)। लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने कहा है कि शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता व कौशल पर निर्भर होती है। उन्होंने कहा कि अध्यापन एक कला है जिसमें पारंगत होना आवश्यक है। प्रो. विनोद कुमार वर्मा बुधवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की ओर से आयोजित एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को इनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित करने चाहिए।

अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हें उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है, इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता की देखरेख में हुआ। उन्होंने इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कोर्स का निर्माण फैकल्टी की रोजमर्रा की जरूरतों के अनुसार किया गया था। निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजू [illegible] महता इस कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजू सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया इस कोर्स के संयोजक रहे।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव

संबंधित



27 Jul 2022

बालक का मिला शव, हत्या

कुरुक्षेत्र, 27 जुलाई (हि.स.)। ...



27 Jul 2022

सोनीपत : बदिग्ध मंकीपाक्स

सोनीपत, 27 जुलाई (हि.स.)। ...



27 Jul 2022

हरियाणा की ई-अधिगम ...

-ई-अधिगम योजना में विद्यार्थी ...

कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़, 27 जुलाई (हि.स.)। ...

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 27.07.2022 | — | — |

# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को विजय दिलाने में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर 1 (एक) हरियाणा एन.सी.सी. सर्कल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस.के.दहिया मुख्यातिथि थे। उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा यह एक ऐतिहासिक दिन है जब 1999 में 'ऑपरेशन विजय' को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत के वीर सपूतों ने कारगिल की ऊंची चोटियों से पाकिस्तानी सेना को खदेड़कर तिरंगा फहराया था। जिन जवानों के बलिदान की बदौलत हमने कारगिल युद्ध जीता था, वे समस्त वर्गों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा एन.सी.सी. कैडेट्स को भी इन जांबाज सैनिकों से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की सुरक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने भी इन कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व कैप्टन कृष्ण सहरावत, एएनओ, कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में डॉ. उर्वशी नांदल, सीटीओ, गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 27.07.2022 | — | — |

## मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है : प्रो. बी.आर. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत



होना चाहिए। विश्वविद्यालयों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें ज्ञान के अध्ययन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए। प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हें उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी जॉब के साथ न्याय करेंगे और मेहनत व लगन से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाएंगे। इससे उन्हें व्यक्तिगत पहचान मिलने के साथ इस विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन होगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ। उन्होंने इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कोर्स का निर्माण फैकल्टी की रोजमर्रा की जरूरतों के अनुसार किया गया था। उपरोक्त निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजु नागपाल महता इस कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजु सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया इस कोर्स के संयोजक रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 27.07.2022 | — | — |

## सुगंधित पौधों की खेती को लेकर कार्यशाला आयोजित

**हिसार ( चिराग टाइम्स न्यूज )।** बागवानी विभाग द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज के सभागार में सुगंधित पौधों की खेती हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक डॉ जीतराम शर्मा ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ एसके पाहूजा व डॉ नीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ जीतराम शर्मा ने बताया कि सुगंधित पौधों की खेती करने पर किसानों को अनुदान भी प्रदान किया जाता है। डॉ रितिका ने किसानों को बागवानी विभाग द्वारा सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही स्कीमों की विस्तार से जानकारी दी। उद्यान विभाग के उप निदेशक डॉ सुभाष चंद्र, वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार आर्य ने जानकारी दी। कार्यशाला में हिसार, जींद व फतेहाबाद जिले के किसानों ने भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 27.07.2022 | — | — |

# एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

चिराग टाइम्स न्यूज



हिसार। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को विजय दिलाने में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर 1 (एक) हरियाणा एन.सी.सी. स्क्वैड के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस.के.दहिया मुख्यातिथि थे।

उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा यह एक ऐतिहासिक दिन है जब 1990 में 'ऑपरेशन विजय' को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत के वीर सपूतों ने कारगिल की ऊंची चोटियों से पाकिस्तानी सेना को खदेड़कर तिरंगा फहराया था। जिन जवानों के बलिदान की बदौलत हमने कारगिल युद्ध जीता था, वे सशस्त्र बलों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने भी इन कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हे भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व कैप्टन कृष्ण सहरावत, एएनओ, कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में डॉ. उर्वशी नांदल, सीटीओ, गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 27.07.2022 | — | — |


# शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर : प्रो. वर्मा



चिराग टाइम्स न्यूज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कोर्स में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और लुवास, हिसार में हाल ही में नियुक्त हुए 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हे पारंगत होना चाहिए। विश्वविद्यालयों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं।

## मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ : प्रो. काम्बोज

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हे उद्यमी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि मानव संसाधन किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। इसलिए प्रशिक्षणों के माध्यम से इनका नियमित कौशल संवर्धन संस्थान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी जॉब के साथ न्याय करेंगे और मेहनत व लगन से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाएंगे।

यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता की देखरेख में हुआ। उन्होंने इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कोर्स का निर्माण फैकल्टी की रोजमर्रा की जरूरतों के अनुसार किया गया था। उपरोक्त निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. मंजु नागपाल महता इस कोर्स की निदेशक जबकि डॉ. अंजु सहरावत व डॉ. जितेन्द्र भाटिया इस कोर्स के संयोजक रहे।